# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा

## विद्या–परिषद् की 15वीं बैठक दिनाँक–03.01.2018
## कार्यवृत्त (Minutes)

विद्या–परिषद् की 15वीं बैठक दिनांक 03.01.2018 को पूर्वाह्न 11:30 बजे विश्वविद्यालय के सरस्वती भवन में स्थित सभा–कक्ष में माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित उपस्थित हुए :–

**प्रो0 पी.के. दशोरा** — अध्यक्ष
माननीय कुलपति
कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

2. **डॉ0 बाबूलाल शर्मा** — सदस्य
राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य
अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान संकाय

3. **डॉ0 विजय कुमार पंचोली** — सदस्य
राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य
व्याख्याता, राजकीय विज्ञान महाविद्यालय
कोटा

4. **प्रो0 एन.के. जैमन** — सदस्य
अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, भौतिकी

5. **डॉ0 कृष्णकान्त शर्मा** — सदस्य
अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय
प्राचार्य, भगवती टी.टी. महाविद्यालय
गंगापुरसिटी, सवाईमाधोपुर

6. **डॉ0 राजकुमार उपाध्याय** — सदस्य
अधिष्ठाता, विधि संकाय
प्राचार्य, राजकीय विधि महाविद्यालय,
झालावाड़

7. **प्रो0 रीना दाधीच** — सदस्य
कुलपति द्वारा नाम निर्देशित आचार्य
विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान विभाग

8. **डॉ0 अनिता सुखवाल** — सदस्य
कुलपति द्वारा नाम निर्देशित सह–आचार्य
सह–आचार्य, वाणिज्य एवं प्रबन्धन विभाग

| | | |
|---|---|---|
| 9. | प्रो0 आशुरानी<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, रसायन शास्त्र | सदस्य |
| 10. | डॉ0 रूपवती पीपल<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, अर्थशास्त्र | सदस्य |
| 11. | डॉ0 मन्जू गुप्ता<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, समाज शास्त्र | सदस्य |
| 12. | डॉ0 सुनिता माथुर<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, अंग्रेजी | सदस्य |
| 13. | डॉ0 नादिरा खातून<br>संयोजक, पाठ्यकम समिति, उर्दू | सदस्य |
| 14. | डॉ0 लीला मोदी<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, हिन्दी | सदस्य |
| 15. | डॉ0 हासो दादलानी<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, सिन्धी | सदस्य |
| 16. | श्री चन्द्रजीत सिंह<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, विधि | सदस्य |
| 17. | डॉ0 शुचिता जैन<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, वनस्पति शास्त्र | सदस्य |
| 18. | डॉ0 पी.सी. उपाध्याय<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, संस्कृत | सदस्य |
| 19. | डॉ. प्रेरणा शर्मा<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, भारतीय संगीत | सदस्य |
| 20. | डॉ. इरफान अहमद<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, दर्शन शास्त्र | सदस्य |
| 21. | डॉ0 एम.जेड.ए. खान<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, भूगोल | सदस्य |
| 22. | डॉ0 मोहन लाल साहू<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, इतिहास | सदस्य |
| 23. | डॉ0 रीना खनूजा<br>संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, गृह–विज्ञान | सदस्य |

24. **डॉ. रेणू शर्मा** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, राजनीतिक विज्ञान

25. **डॉ० जागे राम** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, लोक प्रशासन

26. **डॉ० राजेश कुमार शर्मा** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, गणित

27. **डॉ० प्रहलाद दुबे** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, प्राणी शास्त्र

28. **डॉ. ए.के. जैन** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, व्यावसायिक प्रशासन

29. **डॉ. डी.पी. शर्मा** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, ई.ए.एफ.एम.

30. **डॉ० दिनेश तिवारी** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, ए.बी.एस.टी.

31. **डॉ० सुषमा सिंह** सदस्य
संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, शिक्षा

32. **डॉ० नीरज मिश्रा** सदस्य सचिव
वित्त नियंत्रक एवं प्रभारी, कुलसचिव

आयुक्त, महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान, जयपुर; डॉ. राजेन्द्र शर्मा, सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर; डॉ. ग्यारसीलाल जाट, राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य, व्याख्याता, राजकीय वाणिज्य पी.जी. महाविद्यालय, सीकर बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक का प्रारम्भ माँ सरस्वती की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैठक के प्रारम्भ में सदस्य सचिव द्वारा माननीय कुलपति महोदय एवं उपस्थित माननीय सदस्यों का अभिनन्दन किया गया। माननीय कुलपति महोदय द्वारा सदस्य सचिव का प्रभार वहन कर रहे डॉ. नीरज मिश्रा, वित्त नियंत्रक जिन्होंने दिनांक 28.12.2017 को कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में कार्यभार ग्रहण किया, उनका परिचय करवाया गया तथा स्थानान्तरित वित्त नियंत्रक श्री सत्यनारायण शर्मा द्वारा विश्वविद्यालय को वित्त नियंत्रक के रूप में दी गई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया गया। तत्पश्चात् माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय में विगत दिनों हुई विभिन्न उपलब्धियों/गतिविधियों के सम्बंध में सदन को अवगत करवाया गया, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

- माननीय कुलाधिपति व राज्यपाल महोदय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षान्त समारोह दिनाँक 20.07.2017 को सानन्द सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह सम्पन्न होने के पश्चात् माननीय कुलाधिपति ने इस विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये आदर्श ग्राम डूँगरज्या के शिष्ट मण्डल से संवाद किया। संवाद कार्यक्रम में माननीय कुलाधिपति महोदय ने आदर्श ग्राम में इस विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों/गतिविधियों की प्रशंसा की।

- विश्वविद्यालय के कुलगीत व नवनिर्मित संस्कृति भवन का ई–लोकार्पण भी माननीय कुलाधिपति महोदय के कर–कमलों से दीक्षान्त समारोह के दौरान किया गया।

- डूँगरज्या के अतिरिक्त विश्वविद्यालय द्वारा एक अन्य गाँव फतेहपुर गोद लिया गया है जिसे आदर्श ग्राम बनाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्य/गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी।

- विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर स्कीम की सभी परीक्षाएँ समय पर करवायी गई तथा उनके परीक्षा परिणाम भी समय पर घोषित किए जा चुके हैं। इसके लिए सदन ने परीक्षा नियंत्रक व परीक्षा अनुभाग के सभी कार्मिकों को साधुवाद दिया। साथ ही समय पर प्रश्न–पत्र तैयार करना, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शीघ्र करना आदि परीक्षा से संबंधित कार्यों को समय पर सम्पादित करने हेतु सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

- विश्वविद्यालय में सत्र 2017–18 से प्रारम्भ किए गए B.Sc.- Bio and B.Sc.-Maths पाठ्यक्रम में अपार सफलता प्राप्त हुई। दोनों पाठ्यक्रमों के प्रत्येक वर्ग में 60–60 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया।

- विश्वविद्यालय में स्थापित स्वामी विवेकानंद शोधपीठ के तत्वाधान में विश्वविद्यालय में "विज्ञान, आध्यात्म व विवेकानंद" विषय पर एक सफल कार्यशाला अयोजित की गई।

- माह अक्टूबर 2017 में विश्वविद्यालय में वंशावली लेखन एवं भारतीय परंपरा अध्ययन शोधपीठ की स्थापना की गई।

- डॉ. भीमराव अम्बेड़कर शोधपीठ द्वारा अम्बेड़कर जी की पुण्यतिथि पर 6 दिसम्बर, 2017 को विश्वविद्यालय में एक विचार–गोष्ठी का आयोजन किया गया।

- पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में दिनाँक 25.09.2017 को पी.टी.ई.टी. व बी.एस.टी.सी. आय से हुई बचत से विश्वविद्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ की स्थापना की गयी एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

- माननीय कुलाधिपति व राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार 100 फीट ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित किया गया।

- विश्वविद्यालय का NAAC Accreditation हो चुका है, इससे RUSA के 20 करोड़ रूपये के अनुदान के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ है।

- पंचम दीक्षान्त समारोह की तैयारियों के बारे में सदन को विस्तार से अवगत कराया गया।

उपरोक्त उल्लेखित समस्त उपलब्धियाँ माननीय विद्या–परिषद् के मार्गदर्शन, सम्बल एवं विश्वास के फलस्वरूप प्राप्त हो सकी हैं इसके लिए माननीय कुलपति महोदय द्वारा सदन का आभार व्यक्त किया गया।

माननीय कुलपति महोदय के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय ने उक्त उल्लेखित उपलब्धियाँ अर्जित की है, सदन द्वारा माननीय कुलपति महोदय को बधाई दी गई तथा उनके प्रयासों की सराहना की गयी।

इसके पश्चात् प्रबन्ध मण्डल की बैठक में विचारणीय बिन्दुओं पर विस्तृत बिन्दुवार चर्चा विधिवत रूप से प्रारम्भ हुई :–

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या– 1 | : | **विद्या–परिषद् की बैठक दिनाँक 14.07.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | विद्या–परिषद् की दिनाँक 14.07.2017 को हुई 14वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या– 2 | : | **विद्या–परिषद् की बैठक दिनाँक 14.07.2017 में लिये गये निर्णयों के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन अनुमोदित करना।** |
| निर्णय | : | विद्या–परिषद् की दिनाँक 14.07.2017 को हुई 14वीं बैठक की क्रियान्विति रिपोर्ट का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या– 3 | : | **माननीय कुलपति महोदय के निम्न आदेशों को रिपोर्ट करना।**<br>1. वर्ष 2017 में लिये गये विभिन्न BOS / COC के पुनर्गठन संबंधी आदेश।<br>2. विभिन्न पाठ्यक्रमों / विषयों की पाठ्यक्रम समितियों द्वारा आयोजित बैठकों के कार्यवृत्तों का माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन संबंधी आदेश। |
| निर्णय | : | माननीय कुलपति महोदय द्वारा वर्ष 2017 में लिये गये विभिन्न BOS / COC के पुनर्गठन सम्बंधी आदेशों को पारित किया गया। साथ ही विभिन्न पाठ्यक्रमों / विषयों की पाठ्यक्रम समितियों द्वारा सत्र 2017–18 के लिए पाठ्यक्रम निर्माण अथवा संशोधन करने हेतु आयोजित बैठकों के कार्यवृत्तों को माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन संबंधी आदेशों को अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या– 4 | : | **परीक्षा वर्ष 2016 की उपाधियों पर ''ग्रेस पास'' की तिथि के अंकन के निर्धारण हेतु गठित समिति संबंधी आदेश व उक्त बैठक के कार्यवृत्त तथा विश्वविद्यालय में निर्मित व निर्माणाधीन भवनों के नामकरण संबंधी अनुशंषाओं का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | परीक्षा वर्ष 2016 की उपाधियों पर "ग्रेस पास" की तिथि के अंकन के निर्धारण हेतु गठित समिति संबंधी आदेश व उक्त बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया तथा विश्वविद्यालय में निर्मित व निर्माणाधीन भवनों के नामकरण संबंधी अनुशंषाओं को सहर्ष पारित किया गया। |
| मद संख्या– 5 | : | **परीक्षा वर्ष 2016 की समस्त उपाधियों का ''ग्रेस पास'' किये जाने संबंधी प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।** |
| निर्णय | : | परीक्षा वर्ष 2016 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सफल अभ्यार्थियों की उपाधियों तथा शोध उपाधियों (कुल उपाधियाँ 53,568) का "ग्रेस पास" सदन द्वारा किया गया। |
| मद संख्या– 6 | : | **विश्वविद्यालय में सत्र 2018–19 से सामाजिक विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय में स्नातक पाठ्यक्रम की कक्षाओं को प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान करना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय में सत्र 2018–19 से सामाजिक विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय में स्नातक पाठ्यक्रम की कक्षाओं को प्रारम्भ करने के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। डॉ. आर.के. उपाध्याय, अधिष्ठाता, विधि संकाय ने विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर विधि पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने की माँग रखी जिसे सदन द्वारा पारित किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या– 7 | : | **विश्वविद्यालय में चल रहे/प्रस्तावित स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश एवं अन्य शैक्षणिक कार्यो में समरूपता के लिए डीन पी.जी. स्टडीज (अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर अध्ययन) को अधिकृत किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय में चल रहे/प्रस्तावित स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश एवं अन्य शैक्षणिक कार्यो में समरूपता बनाये रखने हेतु डीन पी.जी. स्टडीज (अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर अध्ययन) को अधिकृत किया गया तथा एक कार्य प्रणाली विकसित करने के लिए एक समिति का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया जिसके लिए माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। |
| मद संख्या– 8.1 | : | **छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय में एक और अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता बनाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय में एक अथवा दो और अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता बनाने संबंधी प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या– 8.2 | : | **एकीकृत पाठ्यक्रमों के लिए एकीकृत उपाधि प्रदान करने हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एकीकृत पाठ्यक्रमों (Integrated Courses) यथा B.Ed.-M.Ed. तीन वर्षीय पाठ्यक्रम व B.A.-B.Ed/B.Sc.-B.Ed. चार वर्षीय पाठ्यक्रमों की एकीकृत उपाधि शिक्षा–संकाय में और B.A.-LL.B. पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की एकीकृत उपाधि विधि संकाय में प्रदान करने संबंधी प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। |
| मद सं0 8.3 | : | **विश्वविद्यालय के समस्त BOS/COC के पुर्नगठन संबंधी माननीय कुलपति महोदय के आदेशों को रिपोर्ट करना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय के समस्त BOS/COC के पुर्नगठन संबंधी सूची का इस शर्त के साथ अनुमोदन किया गया कि पाठ्यक्रम समिति, व्यावसायिक प्रशासन तथा पाठ्यक्रम समिति, प्रबन्धन में आन्तरिक सदस्य प्रोफेसर राजीव जैन को उनकी सेवानिवृत्ति के कारण बाह्य सदस्य नियुक्त किया जाये। |
| मद सं0 8.4 | : | **(i) विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक 7392 दिनाँक 16.12.2017 द्वारा जारी B.Ed. (Special Education) तथा Diploma (Special Education) के सम्बद्धता एवं निरीक्षण शुल्क संबंधी माननीय कुलपति महोदय के आदेशों को रिपोर्ट करना।** |
| निर्णय | : | B.Ed. (Special Education) तथा Diploma (Special Education) के सम्बद्धता एवं निरीक्षण शुल्क सम्बंधी माननीय कुलपति महोदय के आदेशों को सदन द्वारा पारित किया गया।<br>**(ii) विश्वविद्यालय पत्र क्रमांक 7684 दिनाँक 26.12.2017 द्वारा B.A.-LL.B. पाठ्यक्रम की सम्बद्धता एवं निरीक्षण शुल्क तथा B.A.-B.Ed./B.Sc.-B.Ed., B.Ed.-M.Ed., B.A.-LL.B., Diploma (Special Education) पाठ्यक्रम की संयुक्त एफ.डी.आर. शुल्क के निर्धारण हेतु गठित समिति की अनुशंषाओं का अनुमोदन करना।** |

| | | |
|---|---|---|
| निर्णय | : | B.A.-LL.B. पाठ्यक्रम की सम्बद्धता एवं निरीक्षण शुल्क सम्बंधी समिति की अनुषंषाओं का अनुमोदन किया गया।<br>B.A.-B.Ed./B.Sc.-B.Ed., B.Ed.-M.Ed., B.A.-LL.B., Diploma (Special Education) पाठ्यक्रम की संयुक्त एफ.डी.आर. शुल्क के निर्धारण हेतु गठित समिति की अनुषंषाओं का राज्य सरकार द्वारा गठित समिति की अनुषंषाऐं प्राप्त होने तक के लिए अनुमोदन किया गया। |

अन्त में कुलपति महोदय ने सभी माननीय सदस्यों का बैठक में सक्रियता से भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया।

**बैठक आसन को धन्यवाद के साथ पूर्ण हुई।**

सदस्य सचिव